आर टी आई मामला

सं.20011/73/2017-समन्वय.II(आई एफ सी)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली,
दिनांक: , 2017
12 MAY 2017

सेवा में,

श्री नीरज गुप्ता
म.नं-165, बरगवों
डाकखाना-बरगवों,जिला-सिंगरौली,
मध्य प्रदेश-486886

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना प्राप्त करने के संबंध में।

महोदय,

आपके दिनांक 18.03.2017 के आर टी आइ आवेदन, जो कि इस मंत्रालय के आर.टी.आइ. अनुभाग के रजिस्ट्रेशन नंबर MHOME/R/2017/00732 दिनांक 12.04.2017 के द्वारा समन्वय-II अनुभाग को प्राप्त हुआ है जिसमें आपने अपनी दिनांक 17.08.2015 की पूर्व याचिका पर की गई कार्रवाई के संबंध में सूचना मांगी है। इस संबंध में, आपको सूचित किया जाता है कि आपकी लोक शिकायत संबंधी याचिका को आवश्यक कार्रवाई हेतु इस मंत्रालय के पत्र सं. 20011/3/2016-समन्वय-।। दिनांक 01.01.2016 के तहत कोरपोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली को अग्रेषित कर दिया गया था। जिसकी प्रति आपको भी पृष्ठांकित की गई थी (प्रति पुन: संलग्न)।

2. सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) के अनुसार, आपके दिनांक 03.02.2017 के आर टी आई आवेदन को उपयुक्त कार्रवाई हेतु लोक जन सूचना अधिकारी, कोरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन नई दिल्ली को अग्रेषित किया जा रहा है। अतः आपको सलाह दी जाती है कि आप इस मामले को सीधे कोरपोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के साथ उठाएं।

3. सूचना का अधिकार, 2005 की धारा 19 के अनुसार, उपर्युक्त निर्णय के विरुद्ध अपील, अपील प्राधिकारी, श्रीमति सहेली घोष रॉय, संयुक्त सचिव (समन्वय एवं लोक शिकायत), गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001 को की जा सकेगी।

भवदीय,

(ए.के. निगम)
उप सचिव, भारत सरकार एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी

संलग्नक : यथोपरि

प्रतिलिपि श्री नीरज गुप्ता के दिनांक 18.03.2017 के आर टी आई आवेदन सहित सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6 (3) के प्रावधानों के अनुसार, उपयुक्त कार्रवाई हेतु लोक जन सूचना अधिकारी, कोरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली को अग्रेषित की जाती है।

(ए.के. निगम)
उप सचिव, भारत सरकार एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी

सं. 20011/73/2017-समन्वय-II (आई. एफ. सी)

Speed Post

वा में,

श्री नीरज गुप्ता
म.नं-165, बरगवां
डाकखाना-बरगवां,जिला-सिंगरौली,
मध्य प्रदेश-486886

ED551412185IN

सूचना एवं सुविधा केन्द्र
Information & Facilitation Centre
गृह मंत्रालय
Ministry of Home Affairs
नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001
North Block, New Delhi-110001